प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा सेक्टर 142 से बॉटेनिकल गार्डन तक लगभग 12 किलोमीटर लम्बे और 8 स्टेशनों वाले विस्तार गलियारे को दी मंजूरी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस फैसले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जताया आभार।
2. मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में जंगल कौड़िया ब्लाक के पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का किया उद्घाटन : कहा– कैम्पियरगंज में बनायी जायेगी राज्य की पहली फारेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी।
3. प्रदेशभर में महाशिवरात्रि को लेकर सभी शिवालयों में तैयारियां पूरी : श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिये विशेष इंतजाम, माघ मेला का अंतिम स्नान–पर्व कल। और
4. बुन्देलखंड के बांदा में कल से शुरू हो रहा है तीन दिवसीय कालिंजर महोत्सव : रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बिखरेगी छटा।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के सक्टर 142 से बॉटेनिकल गार्डन तक 11 दशमलव 56 किलोमीटर लम्बे और 8 स्टेशनों वाले विस्तार गलियारे को मंजूरी दे दी है।

जिसमें 8 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस गलियारे के शुरू होने से नोएडा और ग्रेटर नोएडा शहर में लगभग 62 किलोमीटर का सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क हो जायेगा। नई दिल्ली में संवाददाताओं को इस फैसले की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एनसीआर की कनेक्टिविटी में इस परियोजना की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बाइट......

*नोएडा मेट्रो एक्वा लाइन को एक्सटेंशन किया जाएगा, 2254 करोड़ रूपीस के इन्वेस्टमेंट से। बोटैनिकल गार्डन जो कि राजीव चौक की तरफ जाता है, वह स्टेशन और इधर नोएडा सेक्टर 142 फिर 143, 144 ओवर ऑल एनसीआर की कनेक्टिविटी में इस प्रोजेक्ट की बहुत इंपॉर्टेंस होगी। क्योंकि इन सब जो इस लाइन के साथ कनेक्टेड एरियाज हैं, वह सब के सब डीएमआरसी के ओवरऑल नेटवर्क के साथ जुड़ जाएंगे।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के इस फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। अपने ट्वीट में श्री योगी ने कहा है कि इससे नोएडा और ग्रेटर नोएडा की कनेक्टिविटी का नई ऊंचाइयां मिलेंगी और इस मंजूरी से न सिर्फ क्षेत्रीय विकास को गति देगा, बल्कि नोएडा को देश के प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस हब के रूप में और सशक्त करेगा।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में जंगल कौड़िया ब्लॉक क पुनर्निर्मित खंड विकास अधिकारी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने

संबोधन में श्री योगी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को विकसित उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य के साथ–साथ वंचित और गरीब वर्ग का कल्याण भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

बाइट.....

*सरकार एक सही दिशा में विकास के लिए सोच रही है। विकास भी हो, गरीबों का कल्याण भी हो। हर गरीब के बिना भेदभाव के लिए आवास की सुविधा, शौचालय की सुविधा, राशन की सुविधा, आयुष्मान भारत में ₹5 लाख तक के स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा, वृद्धजन हो, निराश्रित महिलाएं हो, दिव्यांग जन हो, उनके लिए पेंशन की सुविधा, यह सभी सरकार की प्राथमिकता के विषय हैं। सरकार उस दिशा में कार्य कर रही है।*

जंगल कौड़िया के विकास का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इलाके को बाईपास, फोरलेन सड़के, महाविद्यालय, स्टेडियम सहित अन्य सुविधाओं से आच्छादित कर दिया गया है। श्री योगी ने कहा कि इस क्षेत्र में जल्द ही वानिकी और हॉर्टिकल्चर विश्वविद्यालय का निर्माण किया जाएगा। और इस विश्वविद्यालय में मिलने वाली डिग्री नौकरी की गारंटी दगी।

———————————

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने आज गौतमबुद्धनगर में आयोजित 61वें आईएचजीएफ दिल्ली मेले के स्प्रिंग–2026 संस्करण का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर

श्री सिंह ने कहा कि सरकार हस्तशिल्प क्षत्र के विकास और देशभर के कारीगरों के कल्याण पर विशेष रूप से ध्य़ान दे रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों के जरिये यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक कारीगर 5 लाख रुपये सालाना कमाने में सक्षम हो। मेले का आय़ोजन हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा आज से 18 फरवरी तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में किया जा रहा है।

————————

प्रदेश के हथकरघा और वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि राज्य सरकार बुनकरों के हितों के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है। लखनऊ में जारी एक बयान में श्री सचान ने कहा कि बुनकरों को बिजली बिलों में रियायत देने के लिये प्रदेश में अटल बिहारी वाजपेयी पावरलूम बुनकर विद्युत फ्लैट रेट योजना पिछले तीन वर्षो से लागू है। योजना के तहत पांच किलोवाट तक कनेक्शनों के लिये शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रियायती दरें निधारित है। श्री सचान ने बताया कि राज्य में 99 हजार से अधिक पावरलूम कनेक्शनों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिनमें तकरीबन 93 हजार कनेक्शन पांच किलोवाट श्रेणी के हैं। श्री सचान ने कहा कि इस दौरान वाराणसी, गोरखपुर, अम्बेडकरनगर और मेरठ मंडलों में उन्होंने खुद जाकर बुनकरों से संवाद किया है और उनके द्वारा दिये गये सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ स सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

कल महाशिवरात्रि को लेकर प्रदेशभर के सभी शिव मंदिरों में जलाभिषेक और पूजा अर्चना के लिये तैयारियां पूरी कर ली गई है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतज़ाम किए गए हैं। एक रिपोर्ट.......

*बाबा विश्वनाथ की नगरी में स्थित श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस बार विशेष इंतज़ाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं को बिना किसी असुविधा के कम समय में दर्शन मिल सके, इसके लिए सभी प्रोटोकॉल निरस्त कर आम दर्शन व्यवस्था लागू की गई है। नगर के सभी शिवालयों के साथ–साथ कैथी स्थित मार्कण्डेय महादेव मंदिर में भी बैरिकेटिंग कर श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सहज आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वहीं, सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। घाटों पर जल पुलिस और एनडीआरएफ की तैनाती की गई है, ताकि पर्व के दौरान किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

प्रयागराज में महाशिवरात्रि के अवसर पर माघ मेले के अंतिम स्नान पर्व की तैयारियां भी पूरी कर ली गई है। एक रिपोर्ट.....

*प्रयागराज संगम तट पर चल रहे माघ मेले का छठा और अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि 15 फरवरी को है। रविवार को होंने वाले इस स्नान पर्व के साथ ही वार्षिक मेले का औपचारिक समापन भी हो जाएगा। संगम की लहरों और हर हर महादेव के उद्‌घोष के बीच लाखों श्रद्धालु इस दिन पूर्ण की डुबकी लगाकर अपनी तपस्या को पूरा करेंगे। गंगा स्नान के साथ श्रद्धालु शिव मंदिरों में अभिषेक करेंगे। मेला प्रशासन ने महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर माघ मेला क्षेत्र में संगम सहित सभी प्रमुख स्नान घाटों और मनकामेश्वर, ललितेश्वर, नागवासुकी और पाण्डेश्वर धाम में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

————————————

बुंदेलखंड के बांदा जिले में तीन दिवसीय कालिंजर महोत्सव कल से शुरू हो रहा है। यह महोत्सव 17 फरवरी तक जारी रहेगा। एक रिपोर्ट.....

*इतिहास की गूंज, संस्कृति की आत्मा– थीम पर आधारित कालिंजर महोत्सव राज्य की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत, लोक पम्पराओं और कलात्मक उत्कृष्टता का उत्सव होगा। महोत्सव का आयोजन जिला प्रशासन और पर्यटन तथा संस्कृति परिषद के संयुक्त प्रयास से जिले के कटरा कालिंजर मेला ग्राउंड में किया जायेगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में जहां एक तरफ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरेगी, वहीं खेल महोत्सव के जरिये युवाओं की खेल प्रतिभा को मंच मिलेगा। इस दौरान स्थानीय प्रतिभाओं को विभिन्न कला विधाओं को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा और यह महोत्सव स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर की झलक के साथ परम्परा और नवाचार का उत्सव बनकर भी उभरेगा। समाचार कक्ष से फजल इनाम।*

————————————

सिद्धार्थनगर जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आज जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न धर्मों और पंथों के 358 नये जोड़ों का विवाह कराया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि और स्थानीय सांसद जगदम्बिका पाल ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की यह योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशील सोच का नतीजा है, जिससे समाज के सभी वर्ग लाभांवित हो रहे हैं। इस योजना में प्रत्येक जोड़े के विवाह पर पहले 51 हजार का प्रावधान था, जिसे सरकार ने बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति जोड़ा कर दिया है।

——————————

बच्चों को खसरा–रूबेला जैसी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 16 से 27 फरवरी तक 5 से 10 वर्ष के सभी बच्चों को एमआर वैक्सीन लगाई जायेगी। अभियान के क्रम में मिर्जापुर, बुलंदशहर सहित 45 जिलों में सभी सरकारी, निजी प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्वास्थ्य उपकेन्द्रों और मदरसों में 1 से 5वीं कक्षा तक पढ़ रहे सभी बच्चों को खसरा और रूबेला का टीका लगाया जायेगा।

——————————

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में कल रणजी ट्राफी का सेमीफाइनल मैच खेला जायेगा। सेमीफाइनल में उत्तराखंड और कर्नाटक के बीच मुकाबला होगा।

(समाप्त)